फाइल संख्या पी-11015/1/2022-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)

नई दिल्ली 29 जुलाई, 2022

विषयः जून 2022 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सारांश (संख्या- 6)।

जून 2022 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रमों की रूपरेखा नीचे दी गई है:-

1. भारत के माननीय राष्ट्रपति के उनके राष्ट्रपति पद के चौथे वर्ष में चयनित भाषणों के संकलन की विशेषता वाली **'द रिपब्लिकन एथिक (वॉल्यूम IV)'** और '**लोकतंत्र के स्वर (खंड IV)'** शीर्षक वाली किताबें और ई-बुक्स को दिनांक 08.06.2022 को माननीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान और माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा जारी किया गया था। पुस्तकों की पहली प्रतियां भारत के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को भी भेंट की गईं।

2. **8 वर्षों में सरकार की पहलों और उपलब्धियों पर अभियान**

इस मंत्रालय ने *'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 8 वर्ष पूरे होने पर एक* व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया। पिछले 8 वर्षों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए किए गए उपायों पर माननीय प्रधान मंत्री द्वारा विवरण साझा करने का व्यापक रूप से प्रचार किया गया था।

2.1 माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 03.06.2022 को **सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर दूरदर्शन न्यूज कानक्लेव** का उद्घाटन किया और पिछले 8 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए कार्यकलापों पर उद्घाटन सत्र में भाग लिया। 'आठ साल मोदी सरकारः सपने कितने हुए साकार' शीर्षक से 3 से 11 जून, 2022 तक आयोजित 11 पैनल चर्चाओं में कुल 47 पैनलिस्टों ने भाग लिया जिसमें सामाजिक अधिकारिता, सभी के लिए स्वास्थ्य, अवसंरचना का विकास, रक्षा स्वदेशीकरण, आंतरिक सुरक्षा, विश्वगुरु के रूप में भारत और अन्य जैसे विषयों पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों और डोमेन विशेषज्ञों के साथ आमने-सामने बातचीत शामिल है।

2.2 एक ***लोक सेवा घोषणा (पीएसए) फिल्म*** जिसका शीर्षक **"AKAM भारत का नया दौर"** का प्रदर्शन आजादी का अमृत महोत्सव का जश्न मनाने और सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं और कल्याणकारी पहलों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सरकार के आठ साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए देशभर के सिनेमा घरों में किया गया।

2.3 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन, आउटडोर और न्यू मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर 14.06.2022 तक **मल्टीमीडिया अभियान** जारी रहे। **07 प्रिंट विज्ञापन** जारी किए गए, यूट्यूब के माध्यम से **20 सेकंड के वीडियो स्पॉट** चलाए गए और लोक संचार विंग ने '8 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण' और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सहित विभिन्न विषयों पर **370 कार्यक्रम** किए।

2.4 जून 2022 के ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के पाक्षिक संस्करण में कवर कहानियों ***"कैसे विभिन्न योजनाओं को 14 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है, ने भारत में प्रगति की गति को प्रेरित किया है"*** और *"अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और* प्रवासी *भारतीय से जुड़ने में भारत का बढ़ता वैश्विक कद"* को 13 भाषाओं में मुद्रित किया गया और सीबीसी द्वारा देश भर में वितरित किया गया। MyGov India के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एनआईएस के ई-संस्करण 70.5 मिलियन से अधिक पाठकों को ईमेल के माध्यम से भेजे गए थे।

2.5 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) द्वारा हैशटैग #**सेवा के 8 वर्ष**, #**गरीब कल्याण के 8 वर्ष** आदि के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर **68 ग्राफिक्स/इमेजेस** और **वीडियो** की एक सीरीज साझा की गई। केंद्रीय मंत्रियों और विशेषज्ञों द्वारा लिखित सेवा के 8 साल के विभिन्न विषयों पर **8 से अधिक विशेष लेख** को पीआईबी द्वारा कमिशन किया गया और देश भर के समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है।

3. मंत्रालय ने **प्रधानमंत्री की मन की बात पुस्तिका का मई, 2022 संस्करण विकसित किया है,** जिसे ई-संपर्क प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और सूचना और प्रसारण मंत्रालय, MyGov, पीएम इंडिया और इस मंत्रालय की मीडिया युनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया है। इस पुस्तिका को माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा दिनांक 25.06.2022 को ट्विटर पर भी साझा किया गया है। मुद्रित पुस्तिका देश के सभी सांसदों और विधायकों और भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और पीआईबी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को वितरित किया जा रहा है।

4. 8**वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस** (**आईडीवाई**) **2022 (21.06.2022) को मनाना**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपनी सभी मीडिया यूनिटों/ संगठनों सहित, **योग प्रदर्शनों/ कार्यशालाओं/ कार्यकलापों** के आयोजन के अलावा, 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए कई अनूठी पहलें की है।

4.1 देश भर में **75 प्रतिष्ठित स्थानों** पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिनमें से सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ऐसे दो प्रतिष्ठित स्थानों पर योग प्रदर्शन आयोजित किए। माननीय सूचना और प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश में तिहरा, सुजानपुर (कटोच पैलेस) में सभा की अगुवाई की और सीबीसी, शिमला द्वारा प्रस्तुत 'सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण' विषय के साथ एक फोटो प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में विधायक घुमारवीं, ग्राम प्रधान, सदस्य सुजानपुर तिहरा और जिला प्रशासन, पीआईबी, सीबीसी और एनवाईकेएस के प्रमुख अधिकारी

मंत्री के साथ थे। माननीय सूचना और प्रसारण तथा मत्स्य पालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बीच प्रोमोनेड, पुडुचेरी में 3500 प्रतिभागियों की अगुवाई की और पुडुचेरी के उप राज्यपाल और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ योग किया।

4.2 डीडी इंडिया ने दिनांक 21.06.2022 को **अपनी तरह के अनूठे कार्यक्रम 'योग के लिए गार्जियन रिंग'** के लिए व्यापक व्यवस्था की जिसमें सूर्य की गति का जश्न मनाया गया, जिसमें **'एक सूर्य, एक पृथ्वी'** की अवधारणा को रेखांकित करते हुए पौ फटने के साथ योग का जश्न मनाने के लिए विभिन्न राष्ट्रीयताओं के लोगों के एक साथ आने का लाइव टेलिकास्ट किया गया। विदेश मंत्रालय के 80 से अधिक भारतीय मिशनों और दूतावासों के सहयोग से भारतीय समयानुसार प्रातः 3 बजे से रात 10 बजे तक प्रसारित मैराथन में दुनिया भर से 80 योग कार्यक्रमों की निर्बाध स्ट्रीमिंग सुनिश्चित की गई, जिसमें संबंधित देशों के उनके प्रतिष्ठित स्थानों पर बड़े पैमाने पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

4.3 स्वतंत्रता के 75 वर्ष मनाने के लिए देश में **75 प्रतिष्ठित स्थानों से योग अभ्यासों** को व्यापक रूप से डीडी न्यूज द्वारा कवर किया गया, जिसमें माननीय राष्ट्रपति, माननीय उपराष्ट्रपति, माननीय प्रधान मंत्री और माननीय केंद्रीय मंत्रियों की भागीदारी पर केंद्रित सीधा प्रसारण शामिल था। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के शेष दिनों को दिखाने के लिए डीडी न्यूज पर 25वें दिन से पहले **विशेष उलटी गिनती बग** पेश की गई और विशेष खंड **'योग सूत्र'** का प्रसारण 23 मई - 26 जून, 2022 तक प्रतिदिन नया सवेरा में किया गया। **माननीय आयुष मंत्री का विशेष साक्षात्कार** 15.06.2022 को एनएसडी:आकाशवाणी द्वारा 'स्पॉटलाइट' में प्रसारित किया गया। फिल्म प्रभाग ने दिनांक 21.06.2022 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर **6 वृत्तचित्र फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया।**

4.4 न्यू मीडिया विंग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर **#मानवता के लिए योग, #आईडीवाई2022, #योग दिवस 2022** हैशटैग के तहत **45 ग्राफिक्स/इमेजेस** और **वीडियो** की एक सीरीज साझा की गई ।

5. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पुणे में सिम्बायोसिस स्किल एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित **'चेंजिंग लैंडस्केप ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट 2022' पर राष्ट्रीय सम्मेलन** में भाग लिया और मुख्य भाषण दिया। मंत्री जी ने कहा कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग का आकार 2025 तक 4 लाख करोड़ रुपये होने के लिए तैयार है और भारत सामग्री निर्माण और पोस्ट प्रोडक्शन का वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है। मंत्री जी ने एम एंड ई सेक्टर में स्टार्ट-अप संस्कृति को मजबूत करने का भी आह्वान किया।

6. **श्री अमरनाथ जी यात्रा 2022** पर अभियान

इस मंत्रालय की मीडिया युनिटें श्री अमरनाथजी यात्रा 2022 का व्यापक कवरेज कर रही हैं।

6.1 जम्मू-कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल, श्री मनोज सिन्हा का एक **विशेष साक्षात्कार** डीडी न्यूज द्वारा प्रसारित किया गया और दिनांक 22.06.2022 से शुरू होने वाले समाचार

बुलेटिनों में बाइट्स के माध्यम से परिवर्द्धित किया गया। अमरनाथ मंदिर में सीईओ, श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड द्वारा **'प्रथम पूजा'** की गई, जम्मू-कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल द्वारा ऑनलाइन **हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा पोर्टल** का शुभारंभ और माननीय उप राज्यपाल द्वारा भगवती नगर बेस कैंप, जम्मू से **अमरनाथ तीर्थ यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करना।** इसे डीडी न्यूज और एनएसडीःआकाशवाणी द्वारा व्यापक रूप से कवर किया गया था।

6.2 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर सभी **प्राइम टाइम न्यूज शो** और नियमित बुलेटिन में ***ग्राउंड रिपोर्ट, विशेष साक्षात्कार, इन्फोग्राफिक्स, सोशल मीडिया एंगेजमेंट*** *आदि के* माध्यम से यात्रा के संबंध में विकास और तैयारी कार्यों को व्यापक रूप से कवर किया गया और विशेष कार्यक्रम जैसे ***'श्री अमरनाथ यात्रा :नए आयाम'***, ***'श्री अमरनाथ 'यात्रा : रोज़गार और सहकार'***, ***'स्वस्थ और सुरक्षित श्री अमरनाथ यात्रा 2022'*** आदि का प्रसारण किया गया। आकाशवाणी ने **बालटाल में एक एफएम ट्रांसमिशन सुविधा और स्टूडियो सुविधा की स्थापना की** और दिनांक 30.06.2022 से प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक **अमरनाथजी यात्रा के विशेष प्रसारण** की शुरुआत की।

6.3 पीआईबी ने श्रीनगर से **दो विशेष लेख लिखे और प्रकाशित किए। प्रेस विज्ञप्तियों** और **फीडबैक रिपोर्टों के** माध्यम से घटनाक्रमों को समय पर साझा किया जा रहा है। यात्रा के विभिन्न पहलुओं पर **इंफोर्मेशन प्लेट** बनाई गई और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पोस्ट की गईं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हैशटैग **#AmarnathYatra** और **#AmarnathYatra2022 का उपयोग करते हुए ग्राफिक्स / चित्र** और **वीडियो पोस्ट किए गए।**

## 7. आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष

7.1 नेटफ्लिक्स के सहयोग से बनाए गए चार नए वीडियो ***'आज़ादी की अमृत कहानियां*** की लघु वीडियो श्रृंखला के हिस्से के रूप में देश भर की उन प्रेरणादायक महिला चेंजमेकर्स की खूबसूरत कहानियों को सामने लाने के लिए जारी किए गए गए, जो अदृश्य बाधाओं से जीतने के अपने अनुभव साझा करती हैं। भारत की अनूठी विविधता को प्रदर्शित करते हुए, इन दो मिनट की लघु फिल्मों की शूटिंग देश भर के स्थानों पर की गई और मंझी हुई अभिनेत्री सुश्री नीना गुप्ता द्वारा सुनाई गई हैं। ये वीडियो हिंदी/अंग्रेजी में बनाए गए थे और गुजराती, मराठी, बंगाली, तमिल, मलयालम और अंग्रेजी में डब किए गए थे। इन वीडियो को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और इसकी मीडिया इकाइयों और नेटफ्लिक्स के सोशल मीडिया खातों पर साझा किया जा रहा है और दूरदर्शन नेटवर्क पर भी प्रसारित किया गया है।

7.2 विशेष खंड **'आज़ादी 'का सफर'** और **'सागा ऑफ फ्रीडम'** के 30 एपिसोड का प्रसारण डीडी न्यूज और डीडी इंडिया पर किया गया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और उसके गौरवशाली इतिहास पर '**आज़ादी का अमृत महोत्सव प्रश्नोत्तरी',** विशेष दैनिक कार्यक्रम '**आज़ादी का सफर'** और साप्ताहिक कार्यक्रम - **धरोहर; अपराजिता; निशान; द अनसंग हीरोज (वीरगाथा); आजादी के तराने; प्रसंग और इंप्रिंट** का प्रसारण एनएसडी: एआईआर द्वारा किया गया।

7.3 सीबीसी के क्षेत्रीय और फील्ड कार्यालयों ने माह के दौरान इस थीम पर **03 एकीकृत संचार और आउटरीच कार्यक्रम (आईसीओपी)**, **02 प्रदर्शनियां** और **42 फील्ड कार्यक्रम आयोजित किए।**

8. **<u>अग्निपथ योजना 2022</u>** <u>पर अभियान:</u> डीडी न्यूज ने इस योजना **के बारे में जागरूकता पैदा करने, मिथकों को दूर करने, देश भर के युवाओं, पूर्व सैनिकों, विशेषज्ञों के विचारों को सामने लाने के** लिए इस योजना की शुरूआत से यानी 14.06.2022 के बाद से इसके सभी पहलुओं को व्यापक रूप से कवर किया। देश भर में हिंसा और व्यवधानों के पीछे की राजनीति को उजागर किया। **रक्षा सेवाओं** की सभी **प्रेस कांफ्रेंसों** का सीधा प्रसारण किया गया और विशेष श्रंखला ***'अग्निपथ: भ्रम बनाम सच'*** का प्रसारण किया गया और विशेष कार्यक्रम ***'अग्निपथ योजना: सेना को मिलेंगे युवा अग्निवीर'*** टैलीकास्ट किए गए। डीडी न्यूज की **क्षेत्रीय समाचार इकाइयों ने देश भर के प्रतिष्ठित लोगों के साथ-साथ युवाओं के बाइट** रिकॉर्ड किए जो इस योजना की सराहना कर रहे थे और डीडी न्यूज के साथ-साथ इसके क्षेत्रीय चैनलों द्वारा ये बाइट प्रसारित की गई और डीडी न्यूज, एनएमडब्ल्यू और MyGov के सोशल मीडिया हैंडल से ट्वीट किए गए। **इस स्कीम पर एक स्पॉट** रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के लिए डीडी न्यूज द्वारा तैयार किया गया था, जिसे एमओडी द्वारा प्रदान किए गए तीन और स्पॉट के साथ, नौ क्षेत्रीय भाषाओं में डब किया गया और डीडी न्यूज नेटवर्क पर प्रसारित किया गया।

**9. नोवेल कोरोना वायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण जागरूकता अभियान:** पब्लिक ब्रॉडकास्टर **प्रसार भारती ने डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार इकाइयों (आरएनयू) के माध्यम से कोविड-19 टीकाकरण अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए व्यापक अभियान चलाया है। डीडी न्यूज ने **'आरोग्य भारत'** और **'टोटल हेल्थ' कार्यक्रम का प्रसारण किया** जिसमें विशेषज्ञों के पैनल के साथ टीकाकरण के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। प्राइम टाइम न्यूज शो **'न्यूज नाइट'**, **'मिड-डे प्राइम' ने भी लाइव ग्राउंड रिपोर्ट** के साथ टीकाकरण के प्रयास पर चर्चा की।

10. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने माननीय प्रधान मंत्री के **जर्मनी** दौरे में **जी7 शिखर सम्मेलन** में भागीदारी, मैसूर में **सामूहिक योग प्रदर्शन** में भागीदारी, बंगलुरू में कई **रेल और सड़क बुनियादी ढांचों का** उद्घाटन और आधारशिला रखना, **अहमदाबाद में IN-SPACe के मुख्यालय का उद्घाटन,** नवसारी में **'गुजरात गौरव अभियान'** के दौरान विकास संबंधी पहल, **आजादी का अमृत महोत्सव** के लोगो के साथ सिक्कों की विशेष श्रृंखला जारी करना**, विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की चैंपियन महिला मुक्केबाजों** के साथ बातचीत और **14वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन** में वर्चुअल भागीदारी आदि का **लाइव कवरेज** और **व्यापक प्रचार प्रदान किया।** डीडी न्यूज और डीडी इंडिया द्वारा **विशेष कार्यक्रम** प्रसारित किए गए जैसे #FitIndiaFreedomRider की शुरुआत, खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 आदि। 'परिक्रमा' में एक नया खंड **'डेटलाइन इंडिया'** का प्रसारण एनएसडी: एआईआर द्वारा किया गया था ।

**11. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल -**

- प्रसार भारती में **व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए प्रसार भारती** ने पहली बार 15.06.2022 को खरीद नीति जारी की थी। **प्रसार भारती खरीद नीति,** सभी प्रसार भारती वर्टिकल में सभी खरीद संस्थाओं जिसमें आकाशवाणी और दूरदर्शन भी शामिल हैं, के लिए निर्देश हैं, यह निष्पक्ष, न्यायसंगत और पारदर्शी तरीके से सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर सामग्री, सेवाओं और निर्दिष्ट गुणवत्ता वाले काम की खरीद के संबंध में है।

- **डिजिटल डीडी, एआईआर न्यूज ने दर्ज किया अडिग विश्वास:** रॉयटर इंस्टीट्यूट द्वारा भारतीय समाचार ब्रांड के संबंध में किए गए सर्वेक्षण ने दर्शाया कि ऑल इंडिया रेडियो और डीडी न्यूज द्वारा प्रामाणिकता और सटीकता के संबंध में *'सबका विश्वास' क्रमशः 72% और 71% है।* भारत ने न्यूज ट्रस्ट में एक मामूली सी वृद्धि दर्ज की, जिससे 46 बाजारों में इसकी समग्र स्थिति में सुधार हुआ।

- मंत्रालय ने 27.06.2022 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में फिल्म **'रॉकेटरी: द नांबी इफेक्ट' की एक विशेष स्क्रीनिंग** का आयोजन किया, जिसमें लेखक, निर्माता, निर्देशक श्री आर. माधवन के नेतृत्व में टीम रॉकेट्री ने भाग लिया, श्री माधवन ने इस फिल्म में अभिनय किया, मुख्य भूमिका निभाई और इस फिल्म के साथ निर्देशन की शुरुआत की। इस स्क्रीनिंग में सीबीआई के पूर्व निदेशक श्री डीआर कार्तिकेयन, पूर्व आईजी सीबीआई श्री पीएम नायर, सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और फिल्म उद्योग के हितधारक भी उपस्थित थे। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 75वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आयोजित किया गया था, जिसे स्टैंडिंग ओवेशन मिला। यह फिल्म 1 जुलाई, 2022 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

- **डिजीटल मीडिया:**
    - **भारतीय मानचित्र के गलत चित्रण के** संबंध में सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त संदर्भ के आधार पर, अमेज़ॅन प्राइम ओटीटी प्लेटफॉर्म पर गलत भारतीय मानचित्र को दर्शाने वाली फिल्म पर कार्रवाई की गई। फिल्म के निर्माता ने मंत्रालय के निर्देशों का पालन किया और भारतीय मानचित्र में आवश्यक परिवर्तन किए।
    - आईटी नियम, 2021 के नियम 3(1)(डी) के अनुसार, मंत्रालय ने संबंधित मध्यस्थ प्लेटफार्मों को ऐसे विज्ञापन पर वीडियो वाले पोस्ट की मेजबानी नहीं करने के लिए अधिसूचित किया है, जो **लेयर्स शॉट** नाम के बॉडी स्प्रे से संबंधित है और इसे महिलाओं की गरिमा और शील को ठेस पहुंचने वाला होने के कारण आपत्तिजनक पाया गया। इसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया गया था।
    - मंत्रालय द्वारा दिनांक 13.06.2022 को एक **एडवाइजरी** जारी की गई है जिसमें प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और डिजिटल मीडिया पर समाचारों और समसामयिक मामलों के प्रकाशकों को **ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों** के विज्ञापनों को प्रकाशित करने से बचने की सलाह दी गई है।
    - इस मंत्रालय ने आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत 23 यूट्यूब यूआरएल, 31 ट्विटर यूआरएल और 16 फेसबुक यूआरएल को ब्लॉक करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) से अनुरोध किया है।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने महीने के दौरान 02 नई अनुमतियां जारी कीं और 06 टीवी चैनलों के समर्पण अनुरोध स्वीकार/ रद्द किए गए। **30.06.2022** को भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **893** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):** मंत्रालय ने महीने के दौरान **तेरह (13) नए अनुमति अनुदान समझौते (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और **तीन (03) जीओपीए का नवीनीकरण** किया है और **दो सीआरएस को सहायता अनुदान** जारी किया गया है।

- प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **7341 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की हैं, **7 प्रेस कॉन्फ्रेंस, 3 वार्तालाप, 14 वेबिनार आयोजित किए हैं और** सेवा के 8 साल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, डिजिटल इंडिया आदि पर **49 लेख** कमीशन किए हैं। पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **36 फर्जी खबरों का भंडाफोड़ किया** और 45 ट्वीट पोस्ट किए।

- सीबीसी के क्षेत्रीय/फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी/एफओबी) ने आज़ादी का अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत, योग महोत्सव 2022, सेवा सुशासन और गरीबो कल्याण के 8 वर्ष आदि **सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म** के माध्यम से जागरूकता का निम्नानुसार प्रसार किया:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 25257 (238158) | 9506 | 6381 | 20864 |

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने महीने के दौरान विभिन्न विषयों पर **250 से अधिक ग्राफिक्स, वीडियो, चित्र, पोस्ट आदि** शेयर करके इन्हें व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

  **आजादी का अमृत महोत्सव, सेवा के 8 वर्ष** और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अग्निपथ योजना, अमरनाथ यात्रा, आदि को इन्फोग्राफिक्स, रील, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया था।

  **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB** के माध्यम से टीकाकरण, निवारक उपायों/ दिशानिर्देशों आदि पर केंद्रित रचनात्मक वीडियो/ इन्फोग्राफिक्स (लगभग **204 ट्वीट्स)** के माध्यम से COVID-19 संदेश भी साझा किए गए हैं।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775